Title: Independent investigation into the killing of four BJP office bearers in Chhattisgarh.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): माननीय सभापति जी, लोकतंत्र के सबसे बड़े मन्दिर में, मैं बड़े दुख के साथ कह रहा हूँ कि पिछले एक महीने में भारतीय जनता पार्टी के चार प्रमुख पदाधिकारियों की निर्मम हत्याएं हुई हैं । बुधराम करटाम, जो बस्तर जिले में पार्टी के जिला मंत्री थे, नीलकंठ ककेम, जो हमारे मण्डल अध्यक्ष थे, श्री सागर साहू, जो हमारी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे, श्री रामधर अलामी, जो पूर्व सरपंच थे, इन चार प्रमुख पदाधिकारियों को लक्ष्य करके, टारगेट किलिंग पिछले एक महीने में की गई है । यह भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एक राजनीतिक षडयंत्र है ।? (व्यवधान) राज्य की कांग्रेस सरकार, राज्य के लोगों को सुरक्षा देने में पूरी तरह से फेल साबित हुई है । हमारे लोगों से सुरक्षा वापस ले ली गई है । छत्तीसगढ़ को रक्तरंजित करने का प्रयास हो रहा है । हम छत्तीसगढ़ महतारी के इन चार सपूतों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देंगे ।? (व्यवधान)

मैं सदन के माध्यम से निष्पक्ष जाँच की माँग करता हूँ और भारत सरकार से आग्रह करता हूँ कि राज्य सरकार को निर्देशित करें कि छत्तीसगढ़ की जनता की जान की रक्षा की जाए । लोकतंत्र की हत्या बंद हो । राज्य सरकार को इसके बारे में निर्देशित किया जाए और एक स्वतंत्र एजेंसी से इसकी जाँच कराई जाए ।? (व्यवधान)